**आकाशवाणी शिमला**

**18.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**जे पी नडडा**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद इसकी घोषणा की। नड्डा ने कहा कि गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इस निर्णय का समर्थन किया है।

*संसदीय बोर्ड की बैठक में जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुआ। सभी पहलुओं पर चर्चा हुई और नामों विस्तृत रूप से जो पार्टी में एक्सरसाइज हुई थी उन सारी एक्सरसाइज के बारे डेलीबिरेशन हुआ सभी के साथ चर्चा हुई सुझाव मांगे गए और उसके बाद फिर यह तय हुआ कि हमारे उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी के रूप में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्ण जी चंद्रपुरम पुनसामी राधाकृष्णन जी उनको हम एनडीए का प्रत्याशी बनाएंगे और वह इंडिया के प्रत्याशी के रूप में रहेंगे।*

उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितम्बर को होगा। जगदीप धनखड़ के त्यागपत्र के कारण यह चुनाव हो रहा है।

**मॉनसून सत्र**

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र की पहली बैठक दोपहर बाद 2 बजे शुरू होगी और सबसे पहले प्रदेश विधानसभा के पूर्व सदस्य गणेश दत्त भरवाल के निधन पर शोकोद्गार प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा सत्र में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। सत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची से अवगत करवाएंगे। इस दौरान स्वीकृत विधेयक सभा पटल पर रखे जाएंगे और नियम–62 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और नियम 130 के प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। 2 सितंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल 12 बैठकें होंगी।

*हिमाचल प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज दोपहर 2 बजे से शुरू होगा जो 2 सितंबर तक चलेगा। यह 14वीं विधानसभा का नौवां सत्र होगा, जिसमें कुल 12 बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह अब तक का चौथा सबसे बड़ा मानसून सत्र होगा। इससे पहले 1962 में प्रथम विधानसभा का मानसून सत्र 13 बैठकों का, 1968 में 15 बैठकों का और 2009 में 17 बैठकों का सत्र आयोजित हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि 14वीं विधानसभा में अब तक 8 सत्रों में कुल 73 बैठकें हो चुकी हैं और इस सत्र के दौरान 85 बैठकें पूरी हो जाएंगी। मॉनसून सत्र को लेकर विपक्षी विधायक दल की बैठक शाम को शिमला में हुई जिसमें सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई है जबकि सत्तापक्ष के विधायक दल बैठक आज आयोजित होगी जिसमें विपक्ष के सवालों का किस तरह से जवाब देगा है इसको लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष ने 12 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है जिसमें सदन की कार्यवाही को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए दोनों पक्षों से सहयोग मांगा जाएगा।*

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूककर जारी है। प्रदेश के कई भागों में भारी बारिश, बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। प्रदेश में लगातार बारिश के चलते नदी–नाले उफान पर हैं। मंडी जिला में पण्डोह बांध से अतिरिक्त पानी छोडे जाने के कारण ब्यास नदी का जल स्तर बढ़ गया है। भारी वर्षा से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मंडी सदर और कुल्लू जिला के आनी और बंजार उपमंडल और सिरमौर जिला के पांवटा साहिब में आज सभी सरकारी व निजी शिक्षण संस्थान बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। शिमला–मंडी मार्ग पर तत्तापानी के पास सड़क का हिस्सा ढहने से वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है और सतलुज नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से इस सड़क को क्षति पहुंची है और इससे सुन्नी–तत्तापानी का मुख्य पुल भी खतरे की जद में आ गया है। सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में यमुना नदी उफान पर हैं जिससे एनएच–707 पर आवजाही बाधित हो रही है और कई रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया। जिले में गिरी जटोन डैम से भी अतिरिक्त पानी छोड़ा गया है। राज्य सरकार ने लोगों से नदी नालों से दूर रहने की सख्त चेतावनी जारी की है।

## मौसम 2

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की दैनिक रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घण्टों में राज्य में 71 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इस मानसून सीजन में अब तक 2 सौ 63 लोगों की मौत हो चुकी है, 37 लापता हैं और 3 सौ 32 घायल हुए हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बारिश की आशंका जताते हुए चंबा और कांगड़ा जिलों के लिए भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।